हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025




## वाट्सएप में शिक्षकों के नंबर से डला अश्लील वीडियो, दो को नोटिस

### एपीके फाइल पर क्लिक करने से हैक होने की शिकायत, अब तक पांच प्रार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के शिक्षा महकमे में पिछले पांच दिनों से सायबर हैकिंग को लेकर बवाल मचा हुआ है। शिक्षकों के बनाए वाट्सएप ग्रुप में पिछले पांच दिनों से लगातार अलग-अलग शिक्षकों के नंबर से पोर्न वीडियो पोस्ट हो रहे हैं। मामले में डीईओ ने दो शिक्षकों को नोटिस भी जारी की है। हालांकि सभी पांच शिक्षकों ने इसकी शिकायत सायबर पुलिस को कर दी है। अब पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के सभी शिक्षकों के दर्जनभर से अधिक वाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं। विभाग अपने दिशा-निर्देश भी इन वाट्सएप ग्रुप में डाला करता है। इसी ग्रुप में पांच दिन पहले एक शिक्षक के नंबर से पोर्न वीडियो पोस्ट हुए। इस ग्रुप में आला अधिकारियों के साथ ही महिला टीचर भी हैं। ऐसे में पोर्न वीडियो डाले जाने के बाद ग्रुप में भी बवाल मच गया। हालांकि दूसरे दिन एक अन्य शिक्षक के नंबर से पोर्न वीडियो डले। ऐसा सिलसिला पिछले पांच-छह दिनों से जारी है। जिसके बाद अब सभी शिक्षकों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

**आप भी रहे सतर्क:** सायबर फ्रॉड तेजी से बढ़ रहा है। इसके खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, लेकिन बावजूद इसके लोग अनजान लिंक या वेबसाइट पर क्लिक कर अपने आपको खतरे में डाल रहे हैं। पुलिस लगातार यह सुझाव दे रही है कि अनजान लिंक या पोस्ट पर क्लिक ना करें। ज्ञात हो कि सायबर फ्रॉड के जरिये पैसो की ठगी, सेक्सटार्सन और सोशल मीडिया की आईडी हैक करने का काम किया जा रहा है।

### लिंक पर क्लिक करते ही हैक

शिक्षकों से मिली जानकारी के अनुसार जिन शिक्षकों के वाट्सएप हैक हुआ है उन्होंने एक एपीके फाइल पर क्लिक किया था। ऐसा माना जा रहा है कि एपीके लिंक क्लिक करने के बाद ही इनके वाट्सएप हैक किए गए हैं। लगातार 4 से 5 शिक्षकों के साथ यह घटना होने के बाद भी सभी शिक्षक दहशत में हैं। अब किसी भी प्रकार के लिंक को क्लिक करने से शिक्षक बचते नजर आ रहे हैं।

### पुलिस करेगी जांच

बताया गया कि जिन शिक्षकों के वाट्सएप को हैक कर ग्रुप में पोर्न पोस्ट किए गए थे, उन्होंने इसकी लिखित शिकायत पुलिस महकमे को कराई है। अब थाने की टीम इस जांच में जुटी हुई है कि इन शिक्षकों के वाट्सएप एक ही तरीके से हैक किए गए या अलग-अलग पैटर्न का उपयोग हुआ। किसने और कहां से इन वाट्सएप को हैक किया है। इसके अलावा बाकी शिक्षकों को अनजान लिंक को क्लिक ना करने का सुझाव दिया है।

### नोटिस जारी

वाट्सएप ग्रुप में जिन शिक्षकों के नंबर से अश्लील वीडियो डाले गए थे, उनको विभाग की तरफ से नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

- पीएस बघेल, डीईओ

## 6 के खिलाफ की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामीण इलाके में अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने 6 अनावेदक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 3 अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम पेंड्री तालाब के पास अनावेदकगणों द्वारा आवेदक को थाना में रिपोर्ट कराए हो कहकर प्रार्थी को दबाब बनाकर गाली-



गलौज व झगड़ा कर रहा था, जिसे मौके पर पुलिस एवं आसपास के लोगों द्वारा समझाने का प्रयास किया गया, किन्तु अनावेदकगणों द्वारा राजी न होकर और अधिक उत्तेजित होकर वाद-विवाद व मारपीट पर आमादा हो गया था, जिसे धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होने से अनावेदक मनोज गजपाल 27 साल पेंड्री, किशन यादव 21 साल पेंड्री, तामेश्वर साहू 22 साल पेंड्री, धनेश्वर मंडावी 19 साल पेंड्री, संजय नेताम 21 साल पेंड्री एवं आयुष रात्रे 22 साल पेंड्री थाना लालबाग के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई।

## रास्ता रोककर की गाली गलौज, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रास्ता रोककर गाली-गलौज करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 अक्टूबर को प्रार्थी द्वारा थाना आकर बताया कि बांसपाई पारा में कुछ व्यक्ति आकर गाली-गलौज कर रहे है, जिस पर थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते आरोपी रवि खेमानी उर्फ रवि पडवा 41 साल निवासी सिंधी कालोनी, रोशन वाधवानी 45 साल निवासी जीवन कॉलोनी, शाहिल वादवानी 21 साल निवासी जीवन कालोनी, ऋषभ यादव उर्फ बबलु 25 साल निवासी नंदई थाना के विरूद्ध 170/126, 135(2) इस्तगाशा तैयार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त आरोपियों को न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में एमन साहू, उपनिरीक्षक देवादास भारती, नरेश सार्वा, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, आरक्षक जामेन्द्र वर्मा, रामचरण साहू, अतहर अली की सराहनीय भूमिका रही।
















## खबर संक्षेप



### सदस्यों ने देखा ग्रामसभा की कार्यप्रणाली

**बांधाबाजार।** समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था दक्कोटोला के तत्वावधान में ग्रामसभा के पदाधिकारियों ने 2 अक्टूबर को महाराष्ट्र के ग्राम येरंडी कस एक्सपोजर विजिट किया। इस गांव में वन अधिकार अधिनियम के तहत अनेक कार्य किए गए है। यहां की ग्रामसभा द्वारा पेसा कानून और वन अधिकार कानून के तहत विकास प्रबंधन कार्य किया जा रहा है। गांव में दारू बंदी और शिक्षा स्वास्थ्य और वन प्रबंधन पर अनेक कार्य को बताया और दिखाया गया। सदस्यों ने ग्रामसभा के दस्तावेज का अवलोकन किया। ग्राम के पुरुषोत्तम जनबंधु और रेखाबाई हाते ने ग्रामसभा सदस्यों को मार्गदर्शन दिया।

### लोक रंजनी का मंचन आज

**जेवरतला रोड।** ग्राम खामतराई में कल 5 अक्टूबर को शिव मंदिर चौक में दशहरा और शरद पूर्णिमा के अवसर पर रात्रि में लोककला मंच लोक रंजनी का कार्यक्रम का ग्रामवासियों के तत्वावधान में रखा गया है। यह जानकारी कृष्णकांत साहू ने दी।

### टाटा मैजिक की टक्कर से तीन स्कूटी सवार घायल

**डोंगरगढ़।** खैरागढ़ रोड स्थित आरा मशीन के पास तेज रफ्तार टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 07 बीजे 7316 के चालक ने स्कूटी सवार संदीप चौहान निवासी बीड़ी क्वार्टर डोंगरगढ़ को ठोक माकर मौके से फरार हो गया। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टाटा मैजिक के चालक ने ठोकर मारने के बाद स्कूटी सवार को लगभग 20 फीट तक घसीटा और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मोहल्लेवासियों द्वारा डायल 112 को कॉल किया गया। आने में देर होने पर मौजूद लोगों ने घायलों को ऑटो के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ ले गए। घटना में संदीप और उसके बेटे प्रियांशु के सिर एवं चेहरे पर चोट आई है। संदीप की पत्नी सुमन भी गंभीर रूप से घायल हो गई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

### कबड्डी से मिलती है अनुशासन की सीख



**छुरिया।** ग्राम पंचायत मगरधोखरा के आश्रित ग्राम रीवाटोला में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन युवा सेवा क्लब के तत्वावधान में रखा गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा शामिल हुए। श्री सिन्हा ने कहा कि कबड्डी ऐसा खेल है जिसमें शक्ति, फुर्ती, साहस और टीम भावना का अद्भुत संगम होता है।उन्होंने कहा कि यह खेल अनुशासन, एकाग्रता सिखाता है।इस अवसर पर नैनसिंह पटेल, टीकम साहू, कमलेश सेवता, जेठुराम, विनोद वैष्णव, गुलाब साहू, डकवारदास वैष्णव, ईश्वर कंवर, काजल मंडावी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोगों ने त्याग और वैराग्य के भावों की किया अनुमोदना

# छूटा मोह और राग, संयम के पथ पर भक्ति, दीक्षा समारोह 31 को



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मोह, राग, द्वेष छोड़कर वीतराग की राह पर चलने संकल्पित नगर की बेटी भाविका बोहरा ने अपने कदम आगे बढ़ाते हुए शनिवार को सामाजिक जनों से क्षमा याचना किया। वही सामाजिक और परिवार जनों ने उसके शुभ भावों की अनुमोदना किया। संसारिक जीवन से विलग होकर भाविका राजस्थान में आगामी 31 अक्टूबर को आयोजित होने भव्य समारोह में पूज्य ज्ञान गच्छाधिपति प्रकाश मुनि म सा से दीक्षा ग्रहण करेगी।

उल्लेखनीय है कि नगर के धर्मनिष्ठ अमरचंद- किशोर बोहरा की पुत्री भाविका ने करीब चार साल वैराग्य काल बिताने के बाद बीते साल दीक्षा ग्रहण करने का संकल्प लिया था। आत्म कल्याण की राह पर चलने संकल्पित बेटी के भावो को देखते हुए दादा अमरचंद, पिता किशोर बोहरा और मां श्रद्धा बोहरा ने पूज्य ज्ञान गच्छाधिपति प्रकाश म सा को आज्ञापत्र सौंपा था। भाविका के भावों, त्याग और धर्म के प्रति निष्ठा को देखते हुए आचार्य प्रकाश म सा ने दीक्षा की अनुमति प्रदान किया। वह आगामी 31 अक्टूबर को राजस्थान के गढ़ सिवाना मे सांसारिक जीवन और सारे रिश्ते नाते तोड़ते हुए जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करेगी। दीक्षा के क्रम में शनिवार को स्थानीय मंडी परिसर में संयम महोत्सव का आयोजन किया गया। बड़े पिता गुलाबचंद बोहरा के निवास से निकलकर भाविका ने नगरवासियों का अभिवादन किया।

## नगरवासियों ने श्रद्धा के साथ किया अभिवादन

### गुरू ने दिखाया राह

इस मौके पर भाविका ने कहा कि अज्ञानता के कारण वह दुनिया के मायाजाल मे फंस रही थी, किन्तु गुरु भगवंतो ने बताया कि जीवन का लक्ष्य आत्म कल्याण होना चाहिए। सभी को इसी राह पर चलकर आत्मकल्याण करना चाहिए। उन्होंने बीते बीते 25 सालों में जाने अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमायाचना किया।



### बंधी डोर, टूटा नाता

मंडी परिसर में उक्त वक़्त बेहद मार्मिक दृश्य देखने मिला जब रक्षाबंधन के मौके पर हर्ष बोहरा सहित अन्य भाईयों को सालों से रक्षा सूत्र बाँधने वाली भाविका ने बहन के रूप में आख़री बार राखी बांधा। मां श्रद्धा बोहरा ने भाविका को पानी की तरह तरल बनने की सीख देते हुए कहा कि गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए संयम के पथ पर खूब आगे बढ़ना। सम्बोधन के दौरान श्रद्धा सहित मौजूद श्रावक श्रविकाएं भावुक हो गए सभी की आँखों से आंसू छलक पड़े।

### शुभ भावों की अनुमोदना

कार्यक्रम की शुरुवात सुधर्म महिला मंडल के मंगलचरण पाठ की प्रस्तुति से हुई। स्वागत गीत बालिका मंडल ने पेश किया। इस मौके पर जेठमल बोहरा, शीतल लोढ़ा, ज्योति बोहरा, संयम बोहरा, राजकुमार बोहरा, रतनचंद बोहरा, जयेश बोहरा, सुषमा बोहरा ने उसके शुभ भावों की अनुमोदना करते हुए संयम के पथ पर आगे बढ़ने प्रेरित किया। समता महिला मंडल, पार्श्वनाथ महिला मंडल, महेश्वरी महिला मंडल ने भक्तिमय प्रस्तुति दिया। भाविका के परिजनों ने अपनी प्रस्तुति से 25 सालों के सफर को जीवंत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष बाफना, मोनिका बाफना, श्रद्धा बाफना ने किया। इस दौरान सांसद संतोष पांडे, विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, दिनेश गांधी, भरत वर्मा, कोमलसिंह राजपूत, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डां नीरेन्द्र साहू, किरण वैष्णव, देशराज जैन, रईस अहमद शकील, आशीष पांडे, भावेश वैद, संध्या साहू, राजकुमारी सिन्हा, रितेश जैन, रोहित गुप्ता, सुयश नाहटा, अजय अग्रवाल, स्वरूपचंद जैन, दिलीप नाहटा, दिनेश नखत, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रौशन यदु, अखिलेश नखत, फणेन्द्र जैन, डां नरेन्द्र साहू, दीपक देवांगन, सौरभ जैन, सीए हिना जैन, पिंकी लोढा, अतुल नाहटा,सतीश लल्ली, प्रियंक जैन, सिद्धिक बड़गुजर, टीकेश साहू, मनीष बोहरा, संजय रिजवानी, पारसमल लोढा, इंदरचंद लोढा, संजय जैन, राजेश बोथरा, हुकुमचंद बैद, इंदु श्रीश्रीमाल, विक्की शर्मा, ललित लोढा, धरमचंद बोथरा, संजय संचेती, विजय जैन, गोपाल टावरी, अनिल टावरी, श्रुति शुक्ला, दिनेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## महंगी बिजली का विरोध, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर भाजपा सरकार की गलत बिजली नीति एवं साल दर साल महंगी होती बिजली के विरोध में शनिवार को कांग्रेसजनों ने विद्युत कार्यालय का घेराव किया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ज़ोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसजनों ने केरल के भाजपा प्रवक्ता द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने की निंदा करते हुए आपत्ति दर्ज कराया। घटना के विरोध में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष डां नरेन्द्र साहू, कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, बलिराम साहू, टीकेश साहू, सुयश नाहटा, मदन साहू, बीरेन्द्र बोरकर, महेश सेन, प्रियंक जैन, रितेश राजपूत, नियाजुद्दीन सोलंकी, महेन्द्र भोसले, संध्या साहू, अरूणा देवांगन, श्रुति शुक्ला, सद्दाम खत्री, रौशन यदु, देशराज जैन, अजीत जैन,कांति बंजारे, वैशाली बोरकर, संजय मुटकुरे, देवेन्द्र साहू, कमल वैष्णव, संजू कौशिक, रवि साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## एफआईआर दर्ज करने की मांग



**घुमका।** शनिवार को कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा प्रवक्ता द्वारा हिंसात्मक टिप्पणी करते हुए कहा विपक्ष के नेता राहुल गाँधी के गोली मारने की बात कहने पर आपत्ति दर्ज कराया गया। पूर्व विधायक बघेल ने कहा विपक्ष के नेता राहुल गांधी विभिन्न मुद्दों को रखकर अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभा रहे हैं जो भाजपा नेताओं से रास नहीं आ रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, जनपद सदस्य चंद्रेश वर्मा, जयकुमार वर्मा, गीतालाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष पप्पू वर्मा, ललित चांदतारे, बद्री ठाकुर, दिनेश पुरानिक, राजेश वर्मा उपस्थित थे।

## जनसंख्या दिवस पर परिचर्चा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के निर्देशन में विगत दिनो अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या एवं आर्थिक विकास में संबंध पर आधारित व्याख्यान एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ आरआर कोचे ने स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम आयोजित कर जनसंख्या का देश के आर्थिक विकास पर सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। अर्थशास्त्र प्रथम सेमेस्टर के छात्र विकास साहू ने बताया कि प्राकृतिक संसाधनो के अनुपात में जनसंख्या किसी देश के आर्थिक विकास के लिए मानव संसाधन के विकास के साथ सहयोगी होता है।

प्राकृतिक संसाधनो के अनुपात से अधिक जनसंख्या होने पर विकास बाधित होता है। अंत में अतिथि व्याख्याता मनीषा भेड़िया ने धन्यवाद ज्ञापित कर विद्यार्थियों को सहपाठ्य चर्चा के आयोजन हेतु प्रेरित किया।

## शहीदी यात्रा का डोंगरगढ़ में भव्य स्वागत

- गुरु तेग बहादुर की शहादत को किया गया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



सिक्ख समाज के 9 वें गुरु तेग बहादुर के 350 वे शहीदी वर्ष पर छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज द्वारा शहीद यात्रा निकाला गया है। इस यात्रा का शुभारंभ रायपुर में किया गया। इस यात्रा के डोंगरगढ़ पहुंचने पर सिक्क्ख समाज ने भव्य स्वागत किया। धर्म रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले गुरु तेग बहादुर साहेब के पराक्रम, सेवा, त्याग और उनकी शहादत को नमन करने और शहीदी गाथा को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गई है। पंज प्यारों की अगुवाई में यात्रा शहर का भ्रमण करते हुए गुरुद्वारा पहुंची। इस दौरान शहर के प्रमुख चौक में स्वागत किया गया। शहीदी यात्रा में पालकी साहेब के भीतर गुरुओं के अस्त्र- शास्त्र दर्शन के लिए रखे गए थेद्ध मत्था टेककर लोगों ने गुरु की शहादत को नमन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में सिक्ख समाज के लोग शामिल हुए।

## जिपं अध्यक्ष ने किया शाला भवन का लोकार्पण

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत भरदागोड़ में शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार के मुख्य आतिथ्य में 11 लाख 20 हजार की लागत से निर्मित प्राथमिक शाला के अतरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया गया। उक्त मौके पर श्री ताम्रकार ने कहा कि छात्र लम्बे समय से जर्जर शाला में पढ़ाई करने मजबूर थे। अब यह समस्या दूर हो गई है। भाजपा सरकार अब सरकारी स्कूलों में निजी विद्यालय की तरह सुविधा मुहैया करा रही है। शिक्षकों के सतत प्रयास से सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों की प्रतिभा निकल कर सामने आ रही है। कार्यक्रम में ललित चोपड़ा, आनंद पटेल, पुष्पा जंघेल, डोमार सिंह भेड़िया, सुमरित उत्तम जंघेल, आनंद पटेल, रमेश जंघेल, भीखू हिरवानी, धनऊराम जंघेल, तुलाराम, मोहन भारती, हिरामन जंघेल, सरपंच आरती मरई, प्रकाश जंघेल, सागर जंघेल, हेम बाई मनहरे, श्याम कुंवर महिलांगे, दिन दयाल भारती, आरती यादव, केवरा बाई जंघेल, भूखन लाल जंघेल, उमाशंकर भारती, कलम दुलेश्वर भारती, हेमलता लोधी, अनुपात बाई सहित ग्रामीण शामिल हुए। भरदा में शुक्रवार को दशहरा पर्व मनाया गया। ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार ने ग्रामीणों को विजय दशमी की बधाई देते हुए कहा कि इस पर्व से सीख लेते हुए हमें अपने अहंकार को त्याग कर भाईचारा के साथ गांव के अंतिम व्यक्ति के विकास का प्रयास करना चाहिए।

## सेवा पखवाड़ा में विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच शिविर लगाकर किया गया। शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ. मो असलम, भारती वर्मा एवं डीपी कोसरिया ने सीपीआर करना सिखाया।इसी कड़ी में मैराथन दौड़, कुर्सी दौड़ एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाते हुए उनके विचारों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया गया। शिक्षकों और विद्यार्थियों के सहयोग से स्वच्छता जागरुकता रैली निकाला गया। महाविद्यालय के आसपास सफाई की गई। कार्यक्रम में प्रतिदिन लगभग 60 विद्यार्थियों की सहभागिता रही।



## विद्यार्थियों को मतदाता बनने किया प्रेरित

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य अंजना ठाकुर के निर्देशन में 4 अक्टूबर को मतदाता सूची में पंजीयन करने शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बीएलओ नूतन देवांगन, आरती तिवारी, रामचंद्र ठाकुर एवं महाविद्यालय के नोडल अधिकारी ओमप्रकाश सहारे ने छात्राओं को मतदाता सूची में नाम पंजीयन कराने प्रेरित किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप इत्यादि चैनल को फॉलो करने निर्देशित किया। तत्पश्चात 18 वर्ष के छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में पंजीयन किया गया। इस दौरान सरस्वती सोनकर, दुर्गा देवांगन, लक्ष्मी उइके तथा भावना निषाद का फॉर्म ऑनलाइन और ऑफलाइन दर्ज किया गया। इस अवसर पर हरवंश चौरगे, डॉ. काव्या जैन, डॉ. संजूसिंह, डॉ हेमलता विरदी, योगिता ठाकुर, शुभि जैन, चांदनी पराते आदि उपस्थित थे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### दशहरा में शामिल हुए उपाध्यक्ष



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत बुन्देली एवं खैरबना में शुक्रवार को दशहरा मनाया गया। ग्राम में डीजे की धुन पर राम लक्ष्मण की शोभायात्रा निकाला गया। आकर्षक आतिशबाजी के साथ रावण वध किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर दिवाकर सोनी, दीनाराम, खेलन वर्मा, बालकिशन जंघेल, अशोक कुमार, मोतीलाल जंघेल, चंचला तीजे धुर्वे, आराधना अचिंत, सुनील वैष्णव, संतोषी बाई जंघेल, संतोषी साहू, धनेश्वरी पटेल, रामचरण साहू, जानकी सिन्हा, घासीराम कलार, टकेन्द्र नायक, गिरजा साहू, बिसुन जंघेल, मोरध्वज जंघेल, गंगा बाई, सुनील जंघेल, परस यादव, सरस्वती जंघेल आदि मौजूद थे।

### सेवा पर्व के अंतिम दिवस पर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण



**छुईखदान।** 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सेवा पर्व 2025 के अंतिम दिन वन परिक्षेत्र कार्यालय छुईखदान में एक विशेष स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वन परिक्षेत्र कार्यालय एवं परिसर की साफ-सफाई से हुई, जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोक वैष्णव, कार्यालयीन कर्मचारी एवं अन्य अधिकारीगणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर में जाकर सरपंच ममता शरद चंद्राकर, पंच, मितानिन एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने पौधारोपण के उद्देश्यों एवं पर्यावरणीय महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में छुईखदान स्थित डिपो परिसर में छायादार पौधों का रोपण किया गया। तत्पश्चात राजा तालाब पार में नगर पंचायत पार्षद मनीष कोचर, पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्र तिवारी एवं अशोक वैष्णव की उपस्थिति में फलदार एवं छायादार पौधों का सामूहिक रोपण सम्पन्न हुआ। इन सभी कार्यक्रमों में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और इस आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### डीडी साहू अध्यक्ष और छन्नू सचिव निर्वाचित



**राजनांदगांव।** प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार समस्त इकाईयों के निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के उपरांत निर्धारित तिथि में 28 सितंबर को तुलसीपुर ममता नगर इकाई की निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। सभी पदों में सौहाद्रपूर्ण वातावरण में निर्वाचन की प्रक्रिया अपनाई गई। जिसमें निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए डीडी साहू और सचिव पद हेतु छन्नूलाल साहू को पदभार सौंपा गया। उपाध्यक्ष पद के लिए योगेश साहू एवं महिला उपाध्यक्ष जमुना देवी साहू निर्वाचित हुई। इसी क्रम में संगठन सचिव दिलीप बनपेला एवं महिला संगठन सचिव खिलेश्वरी साहू व कोषाध्यक्ष के लिए हेमनाथ साहू को मनोनीत किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन पर्यवेक्षक कुलेश्वर दास साहू एवं नरेन्द्र साहू के रूप में अतिथियों एवं सामाजिक स्वजातिय बंधुओं की उपस्थिति में निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारीगणों का अभिनंदन कर संबोधन के माध्यम से कुलेश्वर दास साहू द्वारा समाज की एकता, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक प्रबंधन एवं विकसित समाज की दिशा में कार्य करने प्रेरणा प्रदान किया गया। तुलसीपुर, ममता नगर इकाई साहू समाज के संरक्षक के रूप में एचआर साहू, मनहरण साहू, प्रकाश साहू, पुष्पा साहू, गोंविद साहू, वाईडी साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रूपेन्द्र साहू, परमेश्वर साहू, केशव कंजीर, लोकेश साव, भूपेन्द्र साहू, रमेश सोनकातर, शैलेन्द्र साहू, नरेन्द्र साहू, सतीश साहू, गुमान साहू, अशोक साहू आदि को मनोनीत किया गया है। उक्त जानकारी छन्नूलाल साहू द्वारा दिया गया।

### मुझे कभी निमंत्रण की जरूरत नहीं पड़ती - रमन



**राजनांदगांव।** विजयादशमी पर्व पर स्टेट हाईस्कूल मैदान में राष्ट्रीय उत्सव समिति द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम ने इस वर्ष भी धर्मप्रेमियों को प्रभु राम के भजन रस से सराबोर कर दिया। अपार जनसमुदाय की मौजूदगी में आयोजन का 30वां सफल वर्ष धूमधाम से मनाया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, समिति के संरक्षक बल्देव सिंह भाटिया, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठजन सुरेन्द्र दाऊ सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने साधो बैंड ग्रुप द्वारा प्रस्तुत प्रभु राम के भजनों का आनंद लिया। अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष तथागत पांडे, संरक्षक शारदा तिवारी, राजेंद्र यादव, नरेंद्र शर्मा, योगेश बागड़ी, अजय पांडे, संतोष पटाक, शुभम पांडे, मयंक बाफना, शशांक राजपूत सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। अध्यक्ष तथागत पांडे ने स्वागत भाषण में दशहरे की शुभकामनाएं दी और आयोजन की सफलता के लिए सदस्यों व विशेष सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने भावुक होकर कहा कि "पिताजी स्व. विजय पांडे के जाने के बाद आयोजन कठिन प्रतीत हो रहा था, लेकिन जनता और साथियों के सहयोग से यह निरंतरता संभव हो पाया। इस दौरान पूर्व सांसद श्री सिंह, सांसद संतोष पांडे, संरक्षक बल्देव सिंह भाटिय ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि "यह मेरा अपना कार्यक्रम है, मुझे कभी निमंत्रण की जरूरत नहीं पड़ती। स्व. विजय पांडे मेरे मित्र थे और यह जनसमुदाय स्वयं इस आयोजन की गरिमा को सिद्ध करता है।" समारोह का समापन भव्य आतिशबाजी और रावण के पुतले के दहन से हुआ। कार्यक्रम के अंत में विनोद पांडे ने अतिथियों, समिति और जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया।

### सरपंच सहित अन्य पर कार्रवाई की मांग

# अतिक्रमण बताकर मकान तोड़े जाने की एसपी से की शिकायत

## प्रतिनिधियों पर भेदभाव का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

- स्टेशन बांकल गांव का मामला

ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाते बिना सूचना दिए निर्माणाधीन मकान तोड़ने के मामले को लेकर आज स्टेशन बाकल के लोग मामले की शिकायत करने एसपी कार्यालय पहुंचे। पीड़िता देवकीबाई ने बताया कि उनके पास आबादी पट्टे की भूमि है, जिस पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके मकान का निर्माण हो रहा था। जिसमें 10 फीट तक की दीवार का निर्माण हो चुका है, जिसे सरपंच द्वारा जातिगत भेदभाव करते अतिक्रमण बताकर बुलडोजर से उक्त मकान को बिना सूचना व समय दिए 3 अक्टूबर की शाम तुड़वा दिया गया। जिससे उनका काफी बहुत नुकसान हो गया है। पीड़िता ने कहा कि उनके साथ कुछ लोगों द्वारा गाली-गलौज भी किया गया। जिसकी शिकायत पुलिस ने दर्ज नहीं की।




**थाना में नहीं लिया गया आवेदन**

पीड़िता देवकीबाई ने बताया कि इस मामले को लेकर जब वह लालबाग थाना में आवेदन देने पहुंची तो उनका आवेदन भी नहीं लिया गया। इसके बाद वहां एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देने घंटों इंतजार करती रही, कोई भी अधिकारी यहां नहीं थे और ज्ञापन लेने भी कोई अन्य कर्मचारी नहीं आए।

**पीएम आवास योजना से बन रहा था मकान**

अपने परिजनों और अन्य ग्रामीणों के साथ एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता ने बताया की लगभग 30 से अधिक वर्षों से वह उस जगह पर कच्चे मकान में निवासरत थी। अब प्रधानमंत्री आवास योजना से उसका मकान स्वीकृत हुआ है। जिसका निर्माण कराया जा रहा था। उन्होंने कहा कि सभी लोगों ने जितना दूर तक मकान निर्माण किया है, उतना ही वह भी कर रही थी, लेकिन सिर्फ उसी के मकान को अतिक्रमण बताकर कर तोड़ा गया। जबकि अन्य लोगों ने भी अतिक्रमण किया है।

# वार्षिक महाधिवेशन मनाने को लेकर बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली राजनांदगांव में राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादह पं. क्र. 1282 का 62वां वार्षिक महाधिवेशन उप समिति डोंगरगांव में मनाने को लेकर गत दिनों केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत प्रभु श्रीराम और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के तिलक पूजा-अर्चना कर जयघोष के साथ किया गया। सरस्वती वंदना देवीसिंह ठाकुर द्वारा लिया गया। वहीं शैली राजपूत ने प्रभु श्रीराम के गीत एवं वंदन से कार्यक्रम की शुरूआत किया। उप समिति के पदाधिकारी द्वारा महासभा के सभी पदाधिकारी का तिलक, नारियल व गमछा माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में बजरंग सिंह बैस, नरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, नीरज सिंह क्षत्रिय, अशोक ठाकुर, सत्येंद्र राजपूत, अजय सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, रश्मि सिंह, मधुबाला सिंह, महेंद्र सिंह क्षत्रिय, भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय, संतोष कुमार चंदेल, देवेन्द्र सिंह बैस, रघुनंदन सिंह ठाकुर, आदर्श सिंह ठाकुर, केदार सिंह राजपूत, लालेन्द्र सिंह ललित, सुरेंद्र सिंह सिकरवार, घनश्याम सिंह, इंद्रपाल सिंह, प्रदीप सिंह, बजरंग बहादुर, अजीत सिंह, कीर्ति, विनोद, उमेश चौहान, शशि चौहान, माधुरी ठाकुर, विवेक राजपूत समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

**एकजुटता जरूरी**

बैठक में महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने कहा कि समाज में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। वहीं राजनांदगांव उप समिति से पदाधिकारी महासभा में मनोनीत मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह का भी सम्मान किया गया। उप समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने स्वागत भाषण में समाज में एकजुटता लाना जरूरी है कहा। बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिया गया। महासभा के कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय ने सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

# बीरनपुर प्रकरण में सीबीआई की चार्जशीट ने खोला सच : विधायक



**खैरागढ़।** विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि बीरनपुर प्रकरण को लेकर सीबीआई द्वारा विशेष अदालत में प्रस्तुत की गई चार्जशीट ने पूरे मामले की सच्चाई उजागर कर दी है। सीबीआई की रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि यह घटना बच्चों के बीच हुए एक सामान्य विवाद से उत्पन्न होकर दो परिवारों के आपसी टकराव का परिणाम थी, किन्तु भाजपा ने इस साधारण घटना को सुनियोजित रूप से सांप्रदायिक और जातीय रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया।

विधायक वर्मा ने कहा कि सीबीआई की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि इस प्रकरण में किसी भी प्रकार का राजनीतिक षड्यंत्र शामिल नहीं था। भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा बनाकर समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य किया। तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा बीरनपुर पहुंचकर दिए गए भड़काऊ भाषणों ने स्थिति को और अधिक संवेदनशील बना दिया। विधायक वर्मा ने कहा कि सीबीआई की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि जिन व्यक्तियों पर आरोप लगाए गए थे वे निर्दोष पाए गए। सीबीआई की चार्जशीट ने साबित कर दिया है कि भाजपा ने झूठ, भ्रम और नफरत की राजनीति के माध्यम से समाज को बांटने का कार्य किया। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा न्याय, शांति और सामाजिक सद्भाव का मार्ग अपनाया है और आगे भी सच्चाई के साथ खड़ी रहेगी।

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि भाजपा ने बीरनपुर जैसी संवेदनशील घटना को भी राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया जो लोकतंत्र और मानवता दोनों के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि सच्चाई सामने आने के बाद भाजपा नेताओं को जनता से माफी मांगनी चाहिए तथा तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान उप मुख्यमंत्री अरुण साव को नैतिक आधार पर अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

### जयंती पर कार्यकर्ताओं ने की साफ-सफाई

**राजनांदगांव।** भाजपा द्वारा वार्ड 45 रामकृष्ण नगर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विशेष कार्यक्रम "भाजपा परिवार वरिष्ठजनों के द्वार" आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देश एवं भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर की उपस्थिति में रजत महोत्सव अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महापौर मधुसूदन यादव, सचिन बघेल एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत द्वारा वरिष्ठों में संजय मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, कांति मौर्य, संगीता मानिकपुरी को शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वार्ड 45 के पार्षद दुरेन्द्र साहू, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, अन्य पार्षद में सेवक यूके, आलोक श्रोती, शैंकी बग्गा, अरुण साहू, शेखर यादव, शेखर लश्करे, राजेश यादव उपस्थित थे। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, इंजीनियर अनूप पांडे, आयुषी, राजेश मिश्रा, दीपक श्रीवास्तव, शुभम साहू उपस्थित थे। इसके अलावा प्रमोद साहू, संदीप भट्टाचार्य, ढालेश वैष्णव, आशीष सिन्हा, सुजीत सिंह, अविनाश भार्गव, दुर्गा सिन्हा, मुकेश सिंह, विक्रम सिंह एवं वार्डवासियों ने अपनी सहभागिता निभाई।

# संगीत विवि में पुरातत्व संरक्षण की दिशा में हो रही नेक पहल

- विवि की कुलपति ने विस अध्यक्ष से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को विश्व का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने की संकल्पना के साथ कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की।

इस दौरान कुलपति ने डॉ. रमन सिंह से संगीत विश्वविद्यालय को विश्व का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को एशिया महाद्वीप के प्रथम कला को समर्पित विश्वविद्यालय होने का गौरव पहले से ही प्राप्त है जिसे अब विश्व का अनूठा एवं श्रेष्ठ विश्वविद्यालय का रूप देना है।

इसी दृष्टिकोण के साथ विश्वविद्यालय में गुरू-शिष्य परंपरा एवं बेहतर शिक्षण पद्धति को समायोजित कर व्यवस्थाओं को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की गई। कुलपति के विचार को डॉ. रमन सिंह ने खूब सराहा और जल्द ही इस पर अमल करने का आश्वासन दिया। विवि की संस्थापक सदस्य राजकुमारी शारदा देवी के नाम से प्राचीन बावड़ी का नामकरण किया गया है जिसके संबंध में भी चर्चा की गई। बावड़ी की नाम पट्टिका अनावरण हेतु कुलपति ने डॉ. रमन सिंह से कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वें 17 या 18 अक्टूबर को इन्दिरा कला विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। विश्वविद्यालय के जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शासन से 5 करोड़ रूपये की मांग की गई थी जिस पर भी चर्चा करते हुये कुलपति ने शीघ्र राशि प्रदान करने की बात कही। जिस पर सहमति व्यक्त करते हुये डॉ. रमन सिंह ने जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के विकास एवं शैक्षणिक-प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार सहित विभिन्न विषयों को लेकर भी सार्थक चर्चा की गई।

## आडिटोरिम के लिए 50 लाख की घोषणा

# दशहरा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

मां दुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति ठेलकाडीह के द्वारा भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे ने किया विशिष्ठ अतिथि छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा केसीजी के अध्यक्ष बिसेसर साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, पूर्व जिला भाजपा के अध्यक्ष घम्मन साहू, अध्यक्ष तिलेश्वर साहू, भोज बंजारे, खेमचंद देवांगन, अनिल जांगडे, राजू देवांगन, शशांक साहू, देवानंद वर्मा, शकुन यदु, बंशी लाल जांगड़े, सूरज देशलहरे, राधे श्याम देवांगन, डीहु साहू, सुखित यादव, बलराम जांगड़े, भानु ख़ुटेल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी अतिथि को दशहरा समति के द्वारा पुष्प माला, मोमेंटो, गमछा भेट कर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण व क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष भोज बंजारे ने ठेलकडीह स्कूल में ऑडोटोरियम, प्रार्थना शेड, बाउंड्रीवाल की मांग की। जिससे उनकी मांगों को सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मंत्री ने ऑडोटोरियम के लिए पचास लाख, बाउंड्री वाल के लिए इस्टीमेट के आधार पर 10 से 20 लाख और प्रार्थना शेड सहित करोड़ों रुपए की घोषणा किया।

## धनगांव में भव्य दशहरा उत्सव

**खैरागढ़।** ग्राम धनगांव में विजयादशमी के अवसर पर भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विधायक वर्मा ने उपस्थितजनों को शारदीय नवरात्रि की मंगलकामनाएं एवं विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि शक्ति उपासना का महापर्व है, जिसमें माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना कर हम आत्मबल, सद्बुद्धि और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। विजयादशमी हमें यह शिक्षा देती है कि असत्य, अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है तथा अंततः विजय सदैव सत्य, धर्म और सद्गुणों की ही होती है। इस दौरान ग्रामवासियों ने विधायक से समुदायिक भवन की मांग रखी। ग्रामीणों की मांग को प्राथमिकता देते हुए विधायक वर्मा ने ग्राम धनगांव में समुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा की। विधायक वर्मा ने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं और मांगों के अनुरूप विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने श्रीराम और मां जगदम्बा से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन की प्रार्थना की।

### डांस प्रतियोगिता में मोना पटेल विजेता



**छुईखदान।** झूरानदी में शारदीय नवरात्रि के मौके पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन जय मां शीतला दुर्गा उत्सव समिति बाजार लाइन ने किया। प्रतियोगिता में 20 एकल एवं सामूहिक नृत्य टीमों ने भाग लिया। निर्णायक डॉ.सियाराम साहू, राजूदास मानिकपुरी, रविकुमार वर्मा,मंच संचालक प्रभात कुमार साहू थे। एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 3101 मोना पटेल आदि ग्राम भेंडरा, द्वितीय 2101 एबी डांस ग्रुप शिवा, तृतीय 1501 हिरेंद्र कुमार धुर्वे आमगांव एवं सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 5101 संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़, द्वितीय जय मां बम्लेश्वरी गहिराटोला तृतीय विद्या डांस ग्रुपगीत देवी जोहार ने प्राप्त किया। मुख्यातिथि पुष्पा प्रकाश वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिनिधि गोपालपुर, जनपद सदस्य लोकेश्वरी दिनेश कुमार वैष्णव, विनोद रजक, अमरसिंह वर्मा, भगवानी वर्मा,लवकुश मेश्राम, पंच संजू वर्मा, संचालक संजीव कुमार ध्रुव, कमल वर्मा, प्रभु वर्मा, नेतराम वर्मा, लोकेश कुमार,पवन वर्मा ,सेवा वर्मा, तेजाराम वर्मा, बालाराम वर्मा, कमलेश चंदेल, गोविंद वर्मा, भूपेंद्र बसेना,मंगल वर्मा, रंजीत वर्मा, कमलेश्वर वर्मा, चुम्मन वर्मा, धनशीला चंदेल, दामोदर वर्मा, चिन्ता राम धुर्वे, राजू जघेल, विश्वनाथ दादू चंद्राकर,गजेंद्र देवगन उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### सामूहिक श्रमदान के लिए किया प्रेरित

**राजनांदगांव।** गांधी जयंती पर ग्राम पंचायत भोथीपारखुर्द में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल होकर ग्रामीणों को स्वच्छता संदेश के माध्यम से गांव की साफ-सफाई सामूहिक श्रमदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिषेक सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजना बिजली बचत के तहत प्रधानमंत्री सूर्य योजना के बारे में ग्रामवासियों के विस्तार से जानकारी दी। ग्रामसभा में सरपंच जितेंद्र साहू, उपसरपंच पाशपाल साहू, पंच रितेश साहू, टकेश्वरी साहू, भानमती साहू, अनीता साहू, हेमलता साहू, जीराबाई साहू, झूनिया विश्वकर्मा, वरिष्ठ नागरिक गोपाल साहू, हरिराम साहू, रूमलाल साहू, रूपेंद्र साहू, रिखीराम, भुवाल साहू, थीरन साहू, गजधर साहू, गज्जू यादव, मंजू साहू, डोमन साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### हरडुवा में आज दशहरा उत्सव

**राजनांदगांव।** ग्राम हरडुवा में कल 5 अक्टूबर को दशहरा उत्सव एवं रामलीला का आयोजन रखा गया है। ग्राम के रोहित वर्मा ने बताया कि ग्रामवासियों एवं नवदीप दुर्गा उत्सव समिति द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा एवं रात्रि में अजय माला ग्राम भर्रीटोला चारामा वालों का छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में शनिवार को अश्वनी जंघेल के मुख्य आतिथ्य में कबड्डी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी तोषण सिंह, सरपंच गंगेश्वर वर्मा, डॉ. ऋषि वर्मा, अश्वनी जंघेल, बाला वर्मा, मिनेश्वर सेन, राजेश शान, कोमल पटेल, पतंग यादव, रुखम वर्मा, मुकेश शान, शिवेन्द्र वर्मा, गिरिश जंघेल एवं ग्रामवासियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



### साकेत साहित्य परिषद का वार्षिक समारोह आज

**राजनांदगांव।** ग्राम ढोड़िया में कल 5 अक्टूबर को साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा ग्रामवासी ढोड़िया के सहयोग से 26वां वार्षिक सम्मान समारोह, परिचर्चा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष सचिन निषाद, पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू ने बताया कि तीन सत्र में आयोजित यह कार्यक्रम सुबह 10.30 से प्रारंभ होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में साकेत साहित्य परिषद सुरगी के सदस्य एवं ग्रामवासी ढोड़िया जुटे हुए हैं।



# जड़ी-बूटी युक्त खीर का वितरण कल

## लोक कलाकारों की होगी प्रस्तुति

- श्रद्धालुओं से पंजीयन कराने की अपेक्षा
- स्वरधारा के कलाकारों द्वारा दी जाएगी विविध प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा बर्फानी आश्रम परिसर में शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर की रात्रि में मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा के अलावा लोक कलाकारों की भी प्रस्तुति रात्रि में 10 बजे से होगी।



संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि चंद्रकला से प्राप्त होने वाली अमृतरूपी प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरित किया जाएगा। इसके लिए संस्था ने व्यापक पैमाने पर तैयारी प्रारंभ कर दी है। वहीं पीड़ितों से पंजीयन कराने की अपेक्षा की है। पीड़ित प्रसाद ग्रहण करने से 6 घंटा पूर्व व पश्चात न सोये। छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध व विष्णु कश्यप द्वारा संचालित लोक कलामंच स्वरधारा के कलाकारों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा, जस व पारंपरिक गीत व नृत्य के अलावा हास्य व्यंग्य प्रहसन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही लोक कलाकारों द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित अन्य सदस्यगण तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

# लोहे का सरिया चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

घर के सामने रखे लोहे का सरिया चोरी हो जाने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी दिलीप पारख 50 साल ग्राम महरूमकला ने थाना में 2 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि करीबन तीन-चार माह पहले बनुठिया कृषि केन्द्र ठेलकाडीह से मकान बनवाने के लिए करीबन 17 क्विंटल लोहे का सरिया खरीदकर घर के सामने आंगन में खुले में रखा था। 21 सितंबर को सुबह करीबन 7 बजे सोकर उठा तो देखा कि सामने रखे सरिया ढेर में से 5 बंडल लोहे का सरिया वजन करीबन 3.50 क्विंटल कीमती करीबन 17500 रुपए नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### छुपाकर रखे थे, दो पकड़ाए

मामले की जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि संदेही पीलेश्वर ऊर्फ पीलू वर्मा 22 साल ग्राम महरूमकला एवं मुकेश वर्मा 27 साल ग्राम महरूमकला का लोहे के सरिया को मुकेश वर्मा के घर लकड़ी से ढंककर छुपाकर रखे हैं। सूचना पर दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किए। जिनसे मेमोरंडम कथन लेकर चोरी गए लोहे के सरिया दो बंडल वजन 140 किग्रा कीमती 7000 रुपए को मुकेश के बाड़ी से बरामद किया गया। तीन बंडल सरिया को काट-काटकर टीन-टप्पर कबाड़ी सामान खरीदने वाले के पास बेचना बताया। पुलिस ने आरोपियों को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।




# सोनम वांगचुक को रिहा करने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद उन्हें रिहा करने की मांग को लेकर आदिवासी समाज के लोगों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सोनम वांगचुक को रिहा करने राष्ट्रपति से अपील करते कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से छठवीं अनुसूची का पालन, लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने सहित अपनी चार मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे पर्यावरणविद सोनम वांगचुक को रिहा करने की मांग की जा रही है। सर्वाधिक अच्छी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुदेश टीकम और डोंगरगांव ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर उके ने कहा कि गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक तरीके से सोनम वांगचुक को गिरफ्तार किया गया है। उन पर लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर 15 नवंबर बिरसा मुंडा जयंती तक सोना मानसून को रिहा नहीं किया जाता है तो फिर इस दिन उग्र आंदोलन सर्व आदिवासी समाज द्वारा किया जाएगा।

### निष्पक्ष जांच की मांग

आदिवासी समाज के लोगों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मांग की है कि लद्दाख के लोगों पर गोलीबारी और हिंसा की घटना के कारण कई लोगों की अकस्मात मृत्यु हुई है। जिसकी उच्च स्तरीय एवं स्वतंत्र न्यायिक जांच किया जाए।









भाजपा सरकार स्मार्ट मीटर और महंगे बिलों से जनता की जेब पर डाका डाल रही

# युवा कांग्रेस का बढ़ती महंगाई बिजली बिल को लेकर हस्ताक्षर अभियान प्रदर्शन नुक्कड़ सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा द्वारा वाइट टी-शर्ट मूवमेंट तहत चौथी बार ग्राम पंचायत घुघरीखुर्द में शासकीय प्राथमिक शाला आंगनबाड़ी परिसर सहित गांव के चौक चौराहे की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

यह अभियान हमारे जनप्रिय नेता राहुल गांधी के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने और समाज में एकता सद्भाव और सेवा की भावना को सशक्त करने हेतु चलाया जा रहा है। सर्वप्रथम संविधान का सामूहिक पाठ, गांव में स्वच्छता और जन गण मन राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत शहर अध्यक्ष अशोक ठाकुर, पूर्व योग आयोग सदस्य गणेश योगी, जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव वीरेंद्र जांगड़े,जनपद प्रतिनिधि भीषण पांडेय, पूर्व जनपद सदस्य पंचू कोसरिया, जिलाध्यक्ष सेवादल पदुम सेन के मार्गदर्शन में हुआ।

बढ़ती महंगाई बिजली बिल को लेकर कवर्धा सिग्नल चौक के पास हस्ताक्षर अभियान नुक्कड़ सभा सहित बिजली विभाग के सामने बिजली बिल जलाओ कार्यक्रम के तहत विरोध प्रदर्शन किया गया। इस वाइट टी-शर्ट मूवमेंट प्रोग्राम एवं बिजली बिल जलाओ नुक्कड़ सभा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में किया। युवा कांग्रेस कवर्धा समन्वयक अश्विनी वर्मा एवं युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा साय सरकार जनता को राहत देने के बजाय स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट मचा रही है। आम जनता बढ़े हुए बिजली बिल,अघोषित कटौती, लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर की खराबी से रोज परेशान है। जब की कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के समय 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना का आम जनता को सीधे फायदा पहुँच रहा था लेकिन भाजपा सरकार हम दो, हमारे दो की नीति पर चलते हुए बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर अडानी-अंबानी को फायदा पहुंचा रही है,सितम्बर माह में बिजली बिल दो से तीन गुना बढ़ कर आ रहा है और दूसरी ओर आम जनता को गरीबी की ओर धकेल रही है। देश में लगातार महंगाई की मार ने जनता की कमर तोड़ दी है। महंगाई जनता की आवाज बनेगी और हर मोर्चे पर भाजपा की नाकामियों को उजागर हम सब मिलकर करते रहेंगे, उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत प्रत्याशी 05 नारद चंद्रवंशी, युवा कांग्रेस बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रेंगाखार विष्णु सिंह नेताम, आकाश केशवानी, जनपद सदस्य नेमीचंद पटेल, धनराज वर्मा, मनीष चंद्रवंशी, जितेंद्र लहरें माधवेश चंद्रवंशी, नरेंद्र धुर्वे, सूरज वर्मा, अजय वर्मा, परमेश्वर नाथ योगी, राजेंद्र डिंडोरे, पुरान मानिकपुरी, राजू मिराज, भोगेश्वर चंद्रवंशी, लक्ष्य कुमार वर्मा, ज्वाला प्रसाद टंडन, धन्ना नागराज, विक्की लहरें, पप्पू चंद्रवंशी, शिवा बंजारे, विनोद चंद्रवंशी, अजय, प्रमोद योगी, सनत धुर्वे, धनेश्वर, तुलसी यादव, सोनू चंद्रवंशी, अक्षय आहिरे, रामकिंकर वर्मा, हेमंत चंद्रवंशी, भारत जोशी, नीलेश वर्मा, छबि लाल ओगरे, दानिश्वर साहू, अफजल खान, सोमिल चंद्राकर, धनेश्वर वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, लोरीक यादव, जागृत बंजारे, घनश्याम मार्कण्डेय, ऋषि राज वर्मा, प्रकाश डहरिया, दिगेंद्र सेन, अमित चंद्रवंशी, पुन्नू लाल जोशी, सुरेश वर्मा, बिसाहू, अयोध्या साहू, सुभाष पांडे, विसर्जन यादव, चंद्रहास बंजारे, भूखन लाल रजक, अमित लहरें, परमानंद वर्मा, पुरन दास, प्रहलाद धुर्वे, जीवन मरकाम, नरेश धुर्वे, कृष्ण साहू, सुखचंद धुर्वे, रघुराज धुर्वे, रूपलाल साहू, परस नेताम, राकेश धुर्वे, सतीश सिरशाम, इतवारी नेताम, तरेंद्र मरकाम, धनेश पाली, चेतन वर्मा, रूपलाल साहु, जीवन मरकाम, परस नेताम, आसाराम मात्रे, सावन मानेश्वर, थानू मात्रे, राजेंद्र मरावी, श्रवण साहू, रामदुलार नेताम, राकेश धुर्वे, तारेंद्र मरकाम, वाल्मीकि परते, रमेश रात्रे, झामेंद्र नेताम अजीत पंद्रे सरवन सहित सैंकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।





## बिजली बिल जलाओं सभा आयोजित

भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बिजली बिल जलाओ नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। आम जनता की आवाज को मजबूत करने हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाकर विरोध दर्ज किया गया। जनता पर थोपे जा रहे महंगे बिजली बिलों को लेकर यह आंदोलन भाजपा सरकार को चेतावनी है कि अब जनता अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी। जनता की आवाज़ दबाने वाली भाजपा सरकार को अब युवा कांग्रेस सड़कों से लेकर विधानसभा तक बेनकाब करते हुए चरणबद्ध प्रदर्शन करेंगे।

# दशहरा पर्व पर सरगम ग्रुप की भक्ति एवं सुरों की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छीरपानी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा छीरपानी कॉलोनी मैदान में दशहरा के पावन अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सरगम टीम ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। भक्ति संगीत के साथ-साथ नए और पुराने गीतों की मनमोहक झंकार से पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासमय हो उठा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि विजय शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। गायन एवं प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में महेश सिंह ठाकुर, स्वतंत्र श्रीवास्तव, पायल राजपूत, रमेश रावत एवं बलबीर राजपूत विशेष रूप से शामिल रहे। सभी कलाकारों को समिति की ओर से मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरगम टीम के संस्थापक महेश सिंह ठाकुर ने कहा कि गीत-संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा को छूने वाली अनुभूति है। यह मन में शांति, जीवन में ऊर्जा और समाज में सकारात्मकता का संचार करता है। अच्छे शब्द और मधुर धुनें लोगों के बीच प्रेम, अपनापन और एकता की भावना को और गहरा करती हैं। कार्यक्रम की सफलता पर छीरपानी दुर्गा उत्सव समिति ने सभी कलाकारों एवं सरगम टीम को हृदय से आभार व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में विशेष रूप से गजराज सिंह राजपूत, लता बैस एवं सीमा अनंत, रेखा सहारे, राजेश ठाकुर, सुशील वर्मा, लीलेश्वर साहू, रोहित श्रीवास, करिश्मा पंत, अंजू ठाकुर, रूपेंद्र राजपूत, विनोद राजपूत, कैलाश सोनी, रूपेश चन्द्रवंशी, राजा, राहुल, आयुष सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थें।

# कुण्डा में स्थापित दुर्गा एवं भैरव बाबा की प्रतिमाओं को नम आंखों से किया विसर्जन



**हरिभूमि कुण्डा।** नवरात्रि के समापन बाद ग्राम कुण्डा में नम आंखों से विदाई देते हुए समितियों एवं ग्रामवासियों ने दुर्गा प्रतिमाओं को बाजे गाजे एवं आतिशबाजी के साथ नदी तालाबों में नम आंखों से भूल-चुक से हुई गलतियों की माफी मांगते हुए विसर्जन की वही नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम कुण्डा में समितियों द्वारा 10 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमा एवं 2 स्थानों में समितियों ने भैरव बाबा की मूर्ति स्थापित की थी वहीं ग्राम कुण्डा के 300 वर्ष प्राचीन मां महामाया मंदिर एवं दुर्गा मंदिर पारधी पारा एवं रामपुर पारा में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई थी ग्राम में से नौ दिनों तक भक्तिमय माहौल रहा 2 अक्टूबर दशहरा पश्चात 3 अक्टूबर को परम्परा अनुसार विधिवत पूजा अर्चना पश्चात सभी दुर्गा प्रतिमा एवं भैरव बाबा की प्रतिमा को एक साथ हरिकीर्तन जयकारा घोष के साथ भक्तजनों ने ग्राम भ्रमण को निकाली परंपरा अनुसार सबसे पहले मां महामाया के प्राचीन मंदिर पहुंचे वहां से रामपुर पारा स्थित बजरंगबली मंदिर जगमल चौक स्थित शक्ति चौरा ठाकुर देव मंदिर प्राचीन शिव मंदिर गुरुनानक चौक ब्रह्मबाबा हरदेव मंदिर थाना के सामने स्थित संकट मोचन मंदिर दामापुर रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर दुर्गा मंदिर बाजार के समीप स्थित शिव मंदिर पारधी पारा स्थित दुर्गा मंदिर शिव नगर स्थित संकट मोचन मंदिर हाईस्कूल के सामने स्थित हनुमान मंदिर धापपार स्थित सतबहिनियां मंदिर में फल तोड़कर एवं नगर भ्रमण पश्चात गलती की क्षमा मांगते एवं अंतिम विदाई करते हॉप नदी में विसर्जन किया गया।

# कन्या पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए नितेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फी

नवरात्रि के पावन पर्व की नवमी के अवसर पर चिल्फी घाटी वनांचल क्षेत्र में 101 कन्याओं का विधिवत पूजन-अर्चना कर उन्हें श्रृंगारित किया गया एवं सहभोज कराया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे और कन्याओं का पूजन कर सहभोज में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितेश अग्रवाल ने नवरात्रि में कन्या पूजन के महत्व को बताते हुए कहा कि यह परंपरा मातृशक्ति की आराधना का प्रतीक है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे पोषण विकास माह कार्यक्रम की जानकारी दी और कहा कि वनवासी क्षेत्रों में कुपोषण दूर करना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, जनपद सभापति छोटेलाल मरकाम, कपूरचंद ठाकरे, लालाराम यदु, प्रकाश धारवैया, राजेश निषाद, जागेश्वर सरपंच, सुरेश धुर्वे सरपंच, परियोजना अधिकारी नमन देशमुख सहित सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित

# कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय प्लान तैयार करने के संबंध में बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत तैयार किए गए 275 गांवों के विलेज विजन प्लान-2030 को जिला स्तरीय संकलन और समीक्षा के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत कबीरधाम जिले के सभी ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से जिले के 275 गांवों का विलेज विजन प्लान-2030 तैयार कर लिया गया है। यह योजना ग्रामवासियों और शासन-प्रशासन के सामूहिक सहयोग से बनी है। विशेष ग्राम सभाओं में 2 अक्टूबर को इन योजनाओं को पारित किया गया। कलेक्टर श्री वर्मा ने विलेज विजन प्लान को संकलित कर जिला स्तरीय योजना तैयार करने के लिए जिले के विभिन्न विभागीय अधिकारियों बैठक लेकर निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर बने प्लान को ब्लॉक स्तर पर संकलित कर जिला स्तरीय विजन प्लान तैयार किया जाए और इसे 7 अक्टूबर तक प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तर पर संकलन और समीक्षा पूर्ण करने के बाद इस प्लान को 12 अक्टूबर के पहले राज्य सरकार को भेजा जाएगा। इसके बाद राज्य स्तर पर आवश्यक परीक्षण कर 23 अक्टूबर से पूर्व भारत सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समयसीमा का कड़ाई से पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण योजना तैयार करें, जिससे इसे राज्य और केंद्र स्तर पर प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जा सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, आदिम जाति विकास विभाग से सहायक आयुक्त एलपी पटेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। श्री वर्मा ने कहा कि विलेज विजन प्लान-2030 के आधार पर प्रत्येक गांव की आवश्यकताओं का सुव्यवस्थित ऑकलन संभव होगा। इसके आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आधारभूत संरचना, पेयजल, स्वच्छता, ऊर्जा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा और अन्य विकासात्मक कार्यों के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इससे ग्रामवासियों के जीवन स्तर में समग्र सुधार होगा और गांव आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान में केंद्र सरकार के 17 मंत्रालयों की 25 प्रमुख गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है। इसके अंतर्गत जिले के 275 गांवों को चुना गया है, जिनमें बोड़ला विकासखंड के 226 गांव, पंडरिया के 41 गांव, सहसपुर-लोहारा के 7 गांव और कवर्धा ब्लॉक का 1 ग्राम शामिल है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल गांवों की जरूरतों को समझने का अवसर देगा, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं का रोडमैप भी तैयार करेगा।

# शिक्षक दंपति ने महली में जल संरक्षण व स्वच्छता के लिए प्रेरित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

ग्राम महली में शिक्षक तुलस चंद्राकर और शिक्षिका यक्ष चंद्राकर द्वारा ग्राम महली के बैगा चौक में एक अभियान चलाकर ग्रामवासियों को जल संरक्षण बचाव हेतु पोस्टर के माध्यम से प्रेरित किया साथ ही साथ स्वच्छता हेतु भी एक छोटा सा कार्यक्रम आयोजन करके एक अभियान चलाकर ग्राम वासियों को जल संरक्षण स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया शिक्षक तुलस ने इस अवसर पर कहा जल एक अनमोल रत्न है यदि हम समय रहते इनका संरक्षण नहीं करते हैं तो निश्चित है आने वाला हमारा भविष्य हमारा पीढ़ी भयानक स्थिति से गुजरेगा हम सबको मिलकर के जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए साथ ही साथ अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता ही बहुत बड़ा दवा होता है इसलिए स्वच्छता बनाए रखें व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देवे इस अवसर पर ग्राम के छोटे-छोटे बच्चे युवा साथी महिलाएं एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पर्यावास अधिकार के लिए विशेष पिछड़ी जनजाति पीवीटीजी बैगा समुदाय के महिला पुरुष ग्राम सभा में बढ़चढ़ कर भाग लिए



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पण्डरिया ब्लाक जिला कबीरधाम के सुदूर वनाचल क्षेत्र में बसे 110 बैगा बसाहटों विशेष पिछड़ी जन जाति पीवीटीजी के महिला एवं पुरूष दिनांक 29 सितम्बर से 3 अक्टूबर 2025 तक होने वाले ग्राम सभा पर्यावास अधिकार के लिए पारा मोहल्ला मजरा टोला मे बैगा समुदाय के लोगो ने काफी भीड़ दिखाते हुये अपने पर्यावास अधिकार को प्राप्त करने में खुश नजर आ रहें है इस अधिकार को प्राप्त कराने के लिए ग्राम पंचायत के सचिवों ने काफी मदद कर रहे है हर पाराटोला में पर्यावास वन अधिकार समितियां का गठन किया गया है जिसे 29 से 3अक्टूबर 2025 कि ग्राम सभा में पचायत सचिव के द्वारा अधिकृत किया गया। आगे कि प्रक्रिया के लिए वन अधिकार समिति जोर सोर से लगे हुए है इस अधिकार को नवम्बर माह में सरकार के द्वारा दे दिया जायेगा जिसके लिए फारेस्ट विभाग, राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग भी अपना महत्वपूर्ण समय निकाल कर सहयोग प्रदान कर रहे है इसी प्रकार से आदिवासी समता मंच के कार्यकर्ता भी दिन रात सहयोग दे रहे है।

## अर्जुन-सुभद्रा विवाह और परीक्षित मोक्ष कथा का हुआ दिव्य वर्णन

# खड़ौदा कला में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई



ग्राम खड़ौदा कला में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत 02 अक्टूबर 2025 को कथा व्यास भगवताचार्य पंडित महेश्वर प्रसाद द्विवेदी के मुखारविंद से दिव्य कथा का रसपान श्रद्धालुओं ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अर्जुन-सुभद्रा विवाह प्रसंग और राजा परीक्षित मोक्ष कथा का भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया। कथा के दौरान भगवताचार्य द्विवेदी ने कहा कि मनुष्य की मृत्यु निश्चित है, लेकिन मृत्यु से भयभीत होना अज्ञान का लक्षण है। मृत्यु केवल शरीर की होती है, आत्मा अमर और अविनाशी है। जिस प्रकार राजा परीक्षित ने सात दिनों तक शुकदेव से भागवत कथा का श्रवण कर मोक्ष प्राप्त किया उसी प्रकार यदि हम भी कथा को अपने जीवन का आधार बना लें, तो मृत्यु का भय हमारे जीवन से समाप्त हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मा के जागरण और जीवन के सच्चे उद्देश्य को समझने का माध्यम है। कथा पण्डाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में भक्त कथा श्रवण के लिए पहुंचे। वातावरण हरे कृष्ण हरे राम के भक्ति भाव से गुंजायमान रहा। इस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम खड़ौदा कला की राधा कृष्ण दुर्गोत्सव समिति द्वारा किया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा के समापन अवसर पर भव्य भजन संध्या और महाप्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाएगा। भक्तों ने कहा कि ऐसी आध्यात्मिक कथाएं समाज में सकारात्मक ऊर्जा और धार्मिक चेतना का संचार करती हैं, जिससे गांव का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना हुआ है।

# सालों से मांग पर ध्यान नहीं, ग्रामीणों ने विधायक व प्रशासन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के वार्ड क्रमांक 2 मे सीसी रोड नहीं होने के कारण आने जाने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है बताना लाजिमी होगा कि 8 साल पहले सीसी रोड बनाया गया था जिसमें नाली का निर्माण नहीं किया गया था । इस गली में आवगमान एकदम सक्रिय है और नाली व्यवस्था नहीं होने के कारण आज पूरा पानी का जमावड़ा इसी गली मोहल्ला में बह रहा है जबकि यही एक ऐसा मार्ग है जो समस्त ग्राम कोलेगांव का निस्तार है जिसमें देवी दर्शन गंगा स्नान के लिए जाता है एवं सुख दुख के लिए इसी मार्ग पर तालाब जाना पड़ता है, आज यह सीसी रोड के लिए तरस रहे हैं लगातार मांग करते आ रहे हैं अभी तक यह मार्ग नहीं बनने के कारण आने-जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है यहां तक की इस सड़क पर एक दो लोगों का हाथ पैर भी टुट गया है गिरने के नवरात्रि की पावन पर्व पर मां दुर्गा जोत जवांरा का इसी मार्ग पर चलकर गंगा स्नान के लिए तालाब गया तब दिनेश पाण्डेय इस मार्ग पर चिकनाहट अधिक होने के कारण गिर गया यह तो किस्मत अच्छा रहा कि कुछ नहीं हुआ कई लोग गिर गए आज सीसी रोड के लिए तरस रहे हैं सालों से मोहल्ला वासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें हमेशा पानी बहता रहता है जिसके कारण पूरा चिकनाहट हो गया है अतः शासन प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द वार्ड क्रमांक 2 में सीसी रोड देने की कृपा करें ताकि आने जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना ना पड़े।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**हादसा: खेत में भरे पानी में टूटा पड़ा था 11 केव्ही हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित बिजली तार**

# खेत में दवाई डालने गए दो सगे भाइयों की करंट की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की जिले में चरमराई और खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था के चलते एक बार फिर दो ग्रामीणों की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

दोनो ग्रामीण सगे भाई बताए जा रहे हैं। इस दुखद और हृदय विदारक घटना के बाद मृतकों के परिवार और गांव में शोक व्याप्त है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं पीएम उपरांत शवों को मृतकों के परिजनो को भी सौंप दिया गया है। लेकिन अभी तक इस जीव लेवा घटना की जिम्मेदारी तय नहीं की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम आमगांव निवासी टीकम निर्मलकर पिता गयाराम निर्मलकर आयु 40 वर्ष और उसका छोटा सगा भाई सुरेन्द्र निर्मलकर अपने धान के खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने गए थे। बताया जाता है कि दोनो भाई अपने खेत के पास ही पहुंचे ही थे की वे खेत के पास लगे विद्युत पोल के नीचे टूट कर गिरे पड़े करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए और करंट से दोनो भाईयों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि खेत में पानी भरा हुआ था और तार उन्हें नजर नहीं आया। जैसे ही वे पानी और तार के संपर्क में आए हादसा हो गया। घटना के बाद इसकी जानकारी मृतक के परिजनो तथा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

वहीं दोपहर तक पीएम उपरांत दोनो भाईयों के शवों को मृतक के परिजनो को सौंप दिया गया है। इस घटना से पूरे गांव में शोक व्याप्त है। ग्रामीण और मृतक के परिजन इस घटना के लिए विद्युत विभाग की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था को दोषी मान रहे हैं। हालांकि अभी तक पुलिस ने इन मौतों के लिए किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की है।



### काल साबित हो रही खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था

यहां बताना लाजिमी होगा कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था लोगों के लिए और खासकर ग्रामीण किसानो के लिए काल साबित हो रही है। स्थिति ये है कि आए दिन जिले के किसी न किसी ईलाके में इस तरह की विभागीय लापरवाही के चलते लोगों की करंट से मौत की खबरें सामने आ रही है। अभी बीते सोमवार को ही विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम गौरकांपा में लाख तोड़ने जा रहे ग्रामीण दीपक नेताम पिता भुखन नेताम आयु 28 वर्ष निवासी सांवरापारा पंडरिया की मार्ग में टूट कर गिरे पड़े हाई वोल्टेज करंट तार की चपेट में आ जाने से मौत हो गई थी। इससे पूर्व भी इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इन जीवलेवा घटनाओं के बाद भी न तो छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी इसे गंभीरता से ले रही है और न ही शासन-प्रशासन इस पर कोई सख्ती दिखा रहा है। जिसके चलते विभागीय लापरवाही तथा लोगों की जान जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

### रखरखाव का भारी आभाव

विभाग सहित शासन-प्रशासन के नुमाईंदे जिले की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने का दम भरते हुए करोड़ों की राशि पानी की तरह बहा रहे हैं और वाह वाही लूट रहे हैं। लेकिन हकीकत ये है नगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण और वनांचलों में महिनो से जले हुए विद्युत ट्रांसफार्मर, खुले पड़े कटआऊट, जर्जर विद्युत लाईन, क्षतिग्रस्त और आड़े, तिरछे विद्युत पोल, जहां तहां टूटे पड़े करंट प्रवाहित विद्युत तार और इस अव्यवस्था के चलते आए दिन करंट से कभी लोगों की मौत तो कभी मवेशियों की मौते विभाग की कथनी और करनी को उजागर कर रही है।

## लगातार बारिश से सोयाबीन कटाई व मूंगफल्ली कोड़ाई में लगा ब्रेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

अंचल में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश और उस पर मौसम वैज्ञानिकों की चेतावनी को देख सुनकर सोयाबीन तथा मूंगफल्ली उत्पादक किसानों के मोथे पर अब बल पड़ने लगा है। इन किसानो को इस बात की चिंता खाए जा रही है कि वे दीपावली मनाने के लिए आर्थिक व्यवस्था कैसे और कहां से कर पायेंगे।

यहां बताना लाजिमी होगा कि सोयाबीन और मूंगफल्ली को किसान नगदी फसल मानते हैं। अमुमन दीपावली के पूर्व ही ये दोनों फसले पक कर तैयार भी हो जाती हैं। जिसकी कटाई व कोड़ाई कर कई किसान उसे दीपावली के पूर्व ही बाजार में बेंचकर दीपावली त्यौहार का इंतजाम कर लेते हैं। जिले में भी सोयाबीन की कटाई और मूंगफल्ली की कोड़ाई प्रारंभ हो चुकी है। जिन किसानो ने इस कार्य को बारिश शुरू होने से पूर्व निपटा लिया है वे तो राहत की सांस ले रहे हैं।

लेकिन जिन्होंने फसलों की कटाई शुरू नहीं की या कटाई बीच में अटकी है बे खासे चिंतित नजर आ रहे हैं। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने उनकी परेशानियों को और अधिक बढ़ा दिया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मौसम का यह मिजाज आने वाले कुछ दिनो तक ऐसा ही बना रहेगा।

### खबर संक्षेप

**रिटोटलिंग के परिणाम किए गए जारी**

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के सेमेस्टर परीक्षा मई-जून 2025 के रिटोटलिंग परीक्षा परिणाम जारी कर दिए है। इसमें एलएलबी प्रथम सेमेस्टर (एटीकेटी), बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर समेत अन्य पाठ्यक्रम शामिल है। परिणाम विवि की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

**एक करोड़ से अधिक के विकास कार्य घोषित**

**कवर्धा।** स्थानीय कवर्धा विधायक व डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने ग्रामीणों की मांग पर विभिन्न निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 23 लाख 50 हजार रुपए की घोषणा की। इसमें सामुदायिक भवन, सीसी रोड, मंगल भवन, रिटर्निंग वल, नाली निर्माण समेत अन्य शामिल है।

**ओपन विवि में दाखिला आवेदन 15 अक्टूबर तक**

**कवर्धा।** पं. सुन्दर लाल ओपन विवि के पीजी व यूजी पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तारीख 15 अक्टूबर 4 बजे तक है। आवेदन विवि की वेबसाइट या पीएसएसओयू.नेट/पोर्टल/ में विजिट कर ऑनलाइन एडमिशन लिंक पर आवेदन कर सकते हैं।

**सिंचाई योजना कार्य के लिए 7.90 करोड़ मंजूर**

**कवर्धा।** जल संसाधन विभाग द्वारा कबीरधाम में दो सिंचाई योजना के कार्य के लिए 7 करोड़ 90 लाख 24 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इसमें पंडरिया ब्लॉक की अमनिया के कन्हैया नाला के एनीकट कम काजवे और उद्वहन सिंचाई योजना कार्य व अन्य कार्य कराए जाएंगे।

# बिजली बिल वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने किया जंगी प्रदर्शन

## विष्णुदेव सरकार को बताया जनविरोधी



- कोदवागोडान विद्युत सब स्टेशन का किया गया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोदवागोडान

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बिजली बिलों में कथित अनाप-शनाप वृद्धि को लेकर कुई कुकदुर मंडल कांग्रेस ने शनिवार को कोदवा गोडान स्थित विद्युत उप केन्द्र में जंगी प्रदर्शन करते हुए घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार से तत्काल बढ़ी हुई बिजली दरों को वापस लेने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के निर्देशानुसार, यह प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष ललित धुर्वे की अगुवाई में आयोजित किया गया। घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों, किसानों, मजदूरों एवं क्षेत्र के समस्त नागरिकों ने छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार को जनविरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने बिजली बिल हाप योजना को बंद कर तथा बिजली दरों में मनमानी बढ़ोतरी की है, जिससे आम जनता पर भारी बोझ पड़ रहा है।

यह एक दिवसीय घेराव कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष ललित धुर्वे के साथ डोमन सिंह मरकाम पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, रमेश राठौर सेक्टर प्रभारी कोदवा गोडान, सुरेश धुर्वे जनपद सदस्य, कन्हैया साहू युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, नारायण साहू उप सरपंच, संतोष साहू, परस पड़वार, रमेश पनरिया, जीनाराम साहू, कलेश साहू, रामखेलावन, जगमोहन साहू, कमलेश निर्मलकर, राजाराम यादव, लोकेश यादव सेक्टर प्रभारी कामठी, भान सिंह मरकाम, अविनाश बंजारा, योगेन्द्र साहू मिडिया प्रभारी, बलदेव पटेल, और महेश पोर्ते सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित थे।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही बिजली दरों में की गई वृद्धि को वापस नहीं लिया और किसान हितैषी कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस भविष्य में और उग्र आंदोलन करेगी।

### किसान विरोधी नीतियों पर भी निशाना

कांग्रेस नेताओं ने बिजली बिल वृद्धि के अलावा सरकार की किसान विरोधी नीतियों पर भी कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय धान खरीदी केन्द्र में करोड़ों रुपए का धान घोटाला हुआ है, जिसकी जवाबदेही सरकार को लेनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, पूरे प्रदेश में यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर भी प्रदेश सरकार की आलोचना की गई। वक्ताओं ने कहा कि खाद की कमी और कालाबाजारी के कारण किसान परेशान हैं, लेकिन सरकार इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

## गोपी कृष्ण ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिलाई बैगा संस्कृति को पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोदवागोडान



कवर्धा जिला अंतर्गत पंडरिया ब्लॉक के सुदूर वनांचल ग्राम नेऊर से आने वाले शिक्षक और लोक संस्कृति साधक गोपीकृष्ण सोनी ने अपनी कला और शोध के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रौशन किया है। हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साहित्य उन्मेष उत्सव में उन्होंने कवर्धा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए बैगा जनजाति की लोककविता प्रस्तुत की और खूब सराहना बटोरी। गोपीकृष्ण सोनी पिछले 15 वर्षों से बैगा जनजाति की जीवन शैली, संस्कृति और पारंपरिक वेशभूषा को अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं। उनके पास इस दुर्लभ संस्कृति के 50 हजार से अधिक फोटोज का एक विशाल संग्रह है। उनकी यह शोधपरक फोटोग्राफी कई प्रतिष्ठित मंचों पर प्रदर्शित हो चुकी है।

### राष्ट्रीय स्तर पर लगी प्रदर्शनी और शोध कार्य

उनकी फोटोग्राफी की प्रदर्शनी पिछले वर्ष भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा दो बार आयोजित की गई थी। इसके अलावा, हैदराबाद के लोक मंथन में गोदना विषय पर और दिल्ली की साहित्य अकादमी में भी उनकी दो बार प्रदर्शनी लग चुकी है। श्री सोनी ने बिहार, पटना, रायपुर और दिल्ली सहित कई राज्यों में बैगा संस्कृति और परंपराओं पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं। वे पिछले पांच वर्षों से मध्यप्रदेश के लोक कला मंच से जुड़े हुए हैं और बैगा जाति की गोत्र, गढ़ और वंशावली पर भी गहन शोध कार्य कर चुके हैं।

### साहित्यिक दुनिया में भी श्री सोनी ने बनाई पहचान

साहित्यिक क्षेत्र में भी गोपीकृष्ण सोनी सक्रिय हैं। वे पिछले आठ वर्षों से साहित्य अकादमी से जुड़े हैं और कहानी, गीत व संस्कृति पर विभिन्न राज्यों में प्रस्तुति दे चुके हैं। बस्तर के प्रख्यात लेखक हरिहरन वैष्णव की पुस्तक में भी उनकी एक कहानी प्रकाशित है। साथ ही, विविध मासिक पत्रिकाओं और अखबारों में उनके लेख नियमित रूप से प्रकाशित होते रहते हैं। गोपीकृष्ण सोनी का यह प्रयास न केवल बैगा जनजाति की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजो रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर उसकी मजबूत पहचान भी स्थापित कर रहा है।

## अटल डिजिटल सुविधा केंद्र में सुविधाओं का होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाओं का विस्तार करने के लिए अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कबीरधाम जिले के 76 ग्राम पंचायतो में सुविधाओं का विस्तार करने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई के मध्य सोमवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में अनुबंध किया जाएगा। ज्ञात हो की जिले में अभी तक तीन चरणों में खोले गए कुल 130 ग्राम पंचायतो में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के द्वारा ग्रामीणों को उनके गांव में ही विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़े वित्तीय सहायता के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, बी-1, नक्शा खसरा आदि सुगमता से प्रदान किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के विस्तार का कार्यक्रम जिले में लगातार जारी है। चौथे चरण में जनपद पंचायत कवर्धा के 18, बोड़ला के 21, स.लोहारा के 16 एवं पंडरिया के 21 ग्राम पंचायतो के संबंधित सरपंच एवं वीएलई के मध्य अनुबंध का कार्य सोमवार को प्रस्तावित है। यह कार्य पूर्ण होते ही आति शीघ्र ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को नई सुविधा मिलने लगेगी।

### इन सुविधाओं के लिए होगा करार

नागरिक सुविधाएं अंतर्गत जन्म, मृत्यु पंजीयन एवं प्रमाण पत्र, आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र,विवाह पंजीयन, राजस्व सेवाएं ले लिए आवेदन। वित्तीय समावेशन सेवाएं के अंतर्गत नगद आहरण, फण्ड ट्रांसफर, ऑनलाइन बीमा सुविधाएं जीवन,सामान्य और कृषि, पेंशन पैन कार्ड आदि। सीएससी की सेवाएं के अंतर्गत विभिन्न सरकारी योजनाओं का पंजीयन, बिजली बिल भुगतान, यात्रा टिकट बुकिंग, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के माध्यम से प्रमाण पत्र के अंतर्गत होगा।

## रणवीरपुर में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी का पर्व



**कवर्धा।** विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम रणवीरपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दशहरा उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां प्रतिवर्ष दशमी के 1 दिन बाद दशहरा मनाया जाता है। इस दशहरा उत्सव में ग्राम रणवीरपुर के अलावा आसपास के कई गांवों के ग्रामीण उपस्थित होकर उत्सव का आनंद लेते हैं। बीते करीब 50 वर्षो से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में जहां रावण वध आकर्षण का केन्द्र होता है ववहीं इस पर्व के मौके पर आयोजकों द्वारा आयोजित कराए जाने वाले सांस्कृति कार्यक्रम भी लोगों कासे आकर्षित करते हैं। हालांकि इस वर्ष दशहरे के एक दिन पूर्व प्रारंभ हुए बारिश के सिलसिले ने ग्राम रणवीरपुर के दशहरा उत्सव को कुछ हद तक प्रभावित किया है लेकिन फिर भी आयोजकों ने रावण को सुरक्षित कर दशमी के एक दिन बाद विधि विधान से दशहरा उत्सव मनाया। इस उत्सव में स्थानीय निवासी विधायक भावना बोहरा रावण दहन एवं रामलीला मंडली द्वारा आयोजित सांस्कृति कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होने ग्रामीणों के साथ मिलकर रावण वध किया और रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत रणवीरपुर दहशरा उत्सव समिति द्वारा चंपा निषाद का कार्यक्रम आयोजित कराया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ी फिल्मों की मशहूर गायिका चंपा निषाद के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई।

**राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने की तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की विशेष बैठक लेकर जिले के तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर जोर देते हुए सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समय सीमा से बाहर लंबित मामलों का समाधान अविलंब किया जाए और किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, अनुविभागीय अधिकारी संदीप ठाकुर, सागर सिंह, चेतन साहू, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार बैठक में उपस्थित रहे। कलेक्टर वर्मा ने जिले में राजस्व प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि विभिन्न तहसीलों में कुल दर्ज प्रकरणों में चालू माह में 276 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से पांच वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों का शीघ्र निपटान, तीन से पांच वर्ष पुराने प्रकरणों का तीन दिवस के भीतर निराकरण तथा एक से तीन वर्ष पुराने 435 प्रकरणों का निपटान करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि प्रकरणों की समयबद्ध समीक्षा और निराकरण जिले की शासन प्रणाली की पारदर्शिता और सुदृढ़ता सुनिश्चित करता है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि लंबित मामलों में किसी प्रकार की अनदेखी या विलंब शासन के दृष्टिकोण और जनता की सुविधा के खिलाफ होगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध तरीके से किया जाए, ताकि जिले के नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों की नियमित समीक्षा की जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, त्रुटि सुधार के प्रकरणों में अनावश्यक देरी न की जाए और तय समय सीमा के भीतर मामलों को सुलझाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि विवादित प्रकरणों के लिए पूर्व में निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन हो और इनके समाधान में गंभीरता बरती जाए।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में पोषण माह पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, कबीरधाम में पोषण माह 2025 के अंतर्गत बच्चों में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पोषण वाटिका, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और राष्ट्रीय पोषण मिशन एक अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। लगभग 131 विद्यार्थियों और 17 शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पोषण और स्वास्थ्य के महत्व को दर्शाते हुए पोस्टर भी बनाए, जिससे उनकी रचनात्मकता के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सही आहार, संतुलित जीवनशैली और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल को भविष्य में भी जारी रखने और बच्चों में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देने का संकल्प व्यक्त किया।

## सार समाचार

### सामूहिक श्रमदान के लिए किया प्रेरित

**राजनांदगांव।** गांधी जयंती पर ग्राम पंचायत भोथीपारखुर्द में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल होकर ग्रामीणों को स्वच्छता संदेश के माध्यम से गांव की साफ-सफाई सामूहिक श्रमदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिषेक सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजना बिजली बचत के तहत प्रधानमंत्री सूर्य योजना के बारे में ग्रामवासियों के विस्तार से जानकारी दी। ग्रामसभा में सरपंच जितेंद्र साहू, उपसरपंच पाशपाल साहू, पंच रितेश साहू, टकेश्वरी साहू, भानमती साहू, अनीता साहू, हेमलता साहू, जीराबाई साहू, झूनिया विश्वकर्मा, वरिष्ठ नागरिक गोपाल साहू, हरिराम साहू, रूमलाल साहू, रूपेंद्र साहू, रिखीराम, भुवाल साहू, थीरन साहू, गजधर साहू, गज्जू यादव, मंजू साहू, डोमन साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### हरडुवा में आज दशहरा उत्सव

**राजनांदगांव।** ग्राम हरडुवा में कल 5 अक्टूबर को दशहरा उत्सव एवं रामलीला का आयोजन रखा गया है। ग्राम के रोहित वर्मा ने बताया कि ग्रामवासियों एवं नवदीप दुर्गा उत्सव समिति द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा एवं रात्रि में अजय माला ग्राम भर्रीटोला चारामा वालों का छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में शनिवार को अश्वनी जंघेल के मुख्य आतिथ्य में कबड्डी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी तोषण सिंह, सरपंच गंगेश्वर वर्मा, डॉ. ऋषि वर्मा, अश्वनी जंघेल, बाला वर्मा, मिनेश्वर सेन, राजेश शान, कोमल पटेल, पतंग यादव, रुखम वर्मा, मुकेश शान, शिवेन्द्र वर्मा, गिरिश जंघेल एवं ग्रामवासियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



### साकेत साहित्य परिषद का वार्षिक समारोह आज

**राजनांदगांव।** ग्राम ढोड़िया में कल 5 अक्टूबर को साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा ग्रामवासी ढोड़िया के सहयोग से 26वां वार्षिक सम्मान समारोह, परिचर्चा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष सचिन निषाद, पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू ने बताया कि तीन सत्र में आयोजित यह कार्यक्रम सुबह 10.30 से प्रारंभ होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में साकेत साहित्य परिषद सुरगी



# जड़ी-बूटी युक्त खीर का वितरण कल

## लोक कलाकारों की होगी प्रस्तुति

- श्रद्धालुओं से पंजीयन कराने की अपेक्षा
- स्वरधारा के कलाकारों द्वारा दी जाएगी विविध प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा बर्फानी आश्रम परिसर में शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर की रात्रि में मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा के अलावा लोक कलाकारों की भी प्रस्तुति रात्रि में 10 बजे से होगी।



संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि चंद्रकला से प्राप्त होने वाली अमृतरूपी प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरित किया जाएगा। इसके लिए संस्था ने व्यापक पैमाने पर तैयारी प्रारंभ कर दी है। वहीं पीड़ितों से पंजीयन कराने की अपेक्षा की है। पीड़ित प्रसाद ग्रहण करने से 6 घंटा पूर्व व पश्चात न सोये। छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध व विष्णु कश्यप द्वारा संचालित लोक कलामंच स्वरधारा के कलाकारों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा, जस व पारंपरिक गीत व नृत्य के अलावा हास्य व्यंग्य प्रहसन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही लोक कलाकारों द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित अन्य सदस्यगण तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

# लोहे का सरिया चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

घर के सामने रखे लोहे का सरिया चोरी हो जाने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी दिलीप पारख 50 साल ग्राम महरूमकला ने थाना में 2 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि करीबन तीन-चार माह पहले बनुठिया कृषि केन्द्र ठेलकाडीह से मकान बनवाने के लिए करीबन 17 क्विंटल लोहे का सरिया खरीदकर घर के सामने आंगन में खुले में रखा था। 21 सितंबर को सुबह करीबन 7 बजे सोकर उठा तो देखा कि सामने रखे सरिया ढेर में से 5 बंडल लोहे का सरिया वजन करीबन 3.50 क्विंटल कीमती करीबन 17500 रुपए नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### छुपाकर रखे थे, दो पकड़ाए

मामले की जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि संदेही पीलेश्वर ऊर्फ पीलू वर्मा 22 साल ग्राम महरूमकला एवं मुकेश वर्मा 27 साल ग्राम महरूमकला का लोहे के सरिया को मुकेश वर्मा के घर लकड़ी से ढंककर छुपाकर रखे हैं। सूचना पर दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किए। जिनसे मेमोरंडम कथन लेकर चोरी गए लोहे के सरिया दो बंडल वजन 140 किग्रा कीमती 7000 रुपए को मुकेश के बाड़ी से बरामद किया गया। तीन बंडल सरिया को काट-काटकर टीन-टप्पर कबाड़ी सामान खरीदने वाले के पास बेचना बताया। पुलिस ने आरोपियों को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

### दशहरा में शामिल हुए उपाध्यक्ष



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत बुन्देली एवं खैरबना में शुक्रवार को दशहरा मनाया गया। ग्राम में डीजे की धुन पर राम लक्ष्मण की शोभायात्रा निकाला गया। आकर्षक आतिशबाजी के साथ रावण वध किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर दिवाकर सोनी, दीनाराम, खेलन वर्मा, बालकिशन जंघेल, अशोक कुमार, मोतीलाल जंघेल, चंचला तीजे धुर्वे, आराधना अचिंत, सुनील वैष्णव, संतोषी बाई जंघेल, संतोषी साहू, धनेश्वरी पटेल, रामचरण साहू, जानकी सिन्हा, घासीराम कलार, टकेन्द्र नायक, गिरजा साहू, बिसुन जंघेल, मोरध्वज जंघेल, गंगा बाई, सुनील जंघेल, परस यादव, सरस्वती जंघेल आदि मौजूद थे।

# सोनम वांगचुक को रिहा करने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद उन्हें रिहा करने की मांग को लेकर आदिवासी समाज के लोगों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सोनम वांगचुक को रिहा करने राष्ट्रपति से अपील करते कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से छठवीं अनुसूची का पालन, लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने सहित अपनी चार मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे पर्यावरणविद सोनम वांगचुक को रिहा करने की मांग की जा रही है। सर्वाधिक अच्छी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुदेश टीकम और डोंगरगांव ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर उके ने कहा कि गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक तरीके से सोनम वांगचुक को गिरफ्तार किया गया है। उन पर लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को हटाया जाए । उन्होंने कहा कि अगर 15 नवंबर बिरसा मुंडा जयंती तक सोना मानसून को रिहा नहीं किया जाता है तो फिर इस दिन उग्र आंदोलन सर्व आदिवासी समाज द्वारा किया जाएगा।

### निष्पक्ष जांच की मांग

आदिवासी समाज के लोगों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मांग की है कि लद्दाख के लोगों पर गोलीबारी और हिंसा की घटना के कारण कई लोगों की अकस्मात मृत्यु हुई है। जिसकी उच्च स्तरीय एवं स्वतंत्र न्यायिक जांच किया जाए।

# वार्षिक महाधिवेशन मनाने को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली राजनांदगांव में राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादह पं. क्र. 1282 का 62वां वार्षिक महाधिवेशन उप समिति डोंगरगांव में मनाने को लेकर गत दिनों केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की शुरूआत प्रभु श्रीराम और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के तिलक पूजा-अर्चना कर जयघोष के साथ किया गया। सरस्वती वंदना देवीसिंह ठाकुर द्वारा लिया गया। वहीं शैली राजपूत ने प्रभु श्रीराम के गीत एवं वंदन से कार्यक्रम की शुरूआत किया। उप समिति के पदाधिकारी द्वारा महासभा के सभी पदाधिकारी का तिलक, नारियल व गमछा माला पहनाकर स्वागत किया गया।




बैठक में बजरंग सिंह बैस, नरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, नीरज सिंह क्षत्रिय, अशोक ठाकुर, सत्येंद्र राजपूत, अजय सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, रश्मि सिंह, मधुबाला सिंह, महेंद्र सिंह क्षत्रिय, भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय, संतोष कुमार चंदेल, देवेन्द्र सिंह बैस, रघुनंदन सिंह ठाकुर, आदर्श सिंह ठाकुर, केदार सिंह राजपूत, लालेन्द्र सिंह ललित, सुरेंद्र सिंह सिकरवार, घनश्याम सिंह, इंद्रपाल सिंह, प्रदीप सिंह, बजरंग बहादुर, अजीत सिंह, कीर्ति, विनोद, उमेश चौहान, शशि चौहान, माधुरी ठाकुर, विवेक राजपूत समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

### एकजुटता जरूरी

बैठक में महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने कहा कि समाज में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। वहीं राजनांदगांव उप समिति से पदाधिकारी महासभा में मनोनीत मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह का भी सम्मान किया गया। उप समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने स्वागत भाषण में समाज में एकजुटता लाना जरूरी है कहा। बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिया गया। महासभा के कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय ने सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

# बीरनपुर प्रकरण में सीबीआई की चार्जशीट ने खोला सच : विधायक

**खैरागढ़।** विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि बीरनपुर प्रकरण को लेकर सीबीआई द्वारा विशेष अदालत में प्रस्तुत की गई चार्जशीट ने पूरे मामले की सच्चाई उजागर कर दी है। सीबीआई की रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि यह घटना बच्चों के बीच हुए एक सामान्य विवाद से उत्पन्न होकर दो परिवारों के आपसी टकराव का परिणाम थी, किन्तु भाजपा ने इस साधारण घटना को सुनियोजित रूप से सांप्रदायिक और जातीय रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया।



विधायक वर्मा ने कहा कि सीबीआई की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि इस प्रकरण में किसी भी प्रकार का राजनीतिक षड्यंत्र शामिल नहीं था। भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा बनाकर समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य किया। तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा बीरनपुर पहुंचकर दिए गए भड़काऊ भाषणों ने स्थिति को और अधिक संवेदनशील बना दिया। विधायक वर्मा ने कहा कि सीबीआई की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि जिन व्यक्तियों पर आरोप लगाए गए थे वे निर्दोष पाए गए। सीबीआई की चार्जशीट ने साबित कर दिया है कि भाजपा ने झूठ, भ्रम और नफरत की राजनीति के माध्यम से समाज को बांटने का कार्य किया। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा न्याय, शांति और सामाजिक सद्भाव का मार्ग अपनाया है और आगे भी सच्चाई के साथ खड़ी रहेगी।

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि भाजपा ने बीरनपुर जैसी संवेदनशील घटना को भी राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया जो लोकतंत्र और मानवता दोनों के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि सच्चाई सामने आने के बाद भाजपा नेताओं को जनता से माफी मांगनी चाहिए तथा तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान उप मुख्यमंत्री अरुण साव को नैतिक आधार पर अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

### जयंती पर कार्यकर्ताओं ने की साफ-सफाई

**राजनांदगांव।** भाजपा द्वारा वार्ड 45 रामकृष्ण नगर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विशेष कार्यक्रम "भाजपा परिवार वरिष्ठजनों के द्वार" आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देश एवं भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर की उपस्थिति में रजत महोत्सव अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महापौर मधुसूदन यादव, सचिन बघेल एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत द्वारा वरिष्ठों में संजय मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, कांति मौर्य, संगीता मानिकपुरी को शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वार्ड 45 के पार्षद दुरेन्द्र साहू, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, अन्य पार्षद में सेवक यूके, आलोक श्रोती, शैंकी बग्गा, अरुण साहू, शेखर यादव, शेखर लश्करे, राजेश यादव उपस्थित थे। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, इंजीनियर अनूप पांडे, आयुषी, राजेश मिश्रा, दीपक श्रीवास्तव, शुभम साहू उपस्थित थे। इसके अलावा प्रमोद साहू, संदीप भट्टाचार्य, ढालेश वैष्णव, आशीष सिन्हा, सुजीत सिंह, अविनाश भार्गव, दुर्गा सिन्हा, मुकेश सिंह, विक्रम सिंह एवं वार्डवासियों ने अपनी सहभागिता निभाई।

# संगीत विवि में पुरातत्व संरक्षण की दिशा में हो रही नेक पहल

- विवि की कुलपति ने विस अध्यक्ष से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को विश्व का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने की संकल्पना के साथ कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की।

इस दौरान कुलपति ने डॉ. रमन सिंह से संगीत विश्वविद्यालय को विश्व का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को एशिया महाद्वीप के प्रथम कला को समर्पित विश्वविद्यालय होने का गौरव पहले से ही प्राप्त है जिसे अब विश्व का अनूठा एवं श्रेष्ठ विश्वविद्यालय का रूप देना है।

इसी दृष्टिकोण के साथ विश्वविद्यालय में गुरू-शिष्य परंपरा एवं बेहतर शिक्षण पद्धति को समायोजित कर व्यवस्थाओं को



मजबूत करने के संबंध में चर्चा की गई। कुलपति के विचार को डॉ. रमन सिंह ने खूब सराहा और जल्द ही इस पर अमल करने का आश्वासन दिया। विवि की संस्थापक सदस्य राजकुमारी शारदा देवी के नाम से प्राचीन बावड़ी का नामकरण किया गया है जिसके संबंध में भी चर्चा की गई। बावड़ी की नाम पट्टिका अनावरण हेतु कुलपति ने डॉ. रमन सिंह से कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वें 17 या 18 अक्टूबर को इन्दिरा कला विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। विश्वविद्यालय के जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शासन से 5 करोड़ रूपये की मांग की गई थी जिस पर भी चर्चा करते हुये कुलपति ने शीघ्र राशि प्रदान करने की बात कही। जिस पर सहमति व्यक्त करते हुये डॉ. रमन सिंह ने जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के विकास एवं शैक्षणिक-प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार सहित विभिन्न विषयों को लेकर भी सार्थक चर्चा की गई।

## आडिटोरिम के लिए 50 लाख की घोषणा

# दशहरा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मां दुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति ठेलकाडीह के द्वारा भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे ने किया विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा केसीजी के अध्यक्ष बिसेसर साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, पूर्व जिला भाजपा के अध्यक्ष घम्मन साहू, अध्यक्ष तिलेश्वर साहू, भोज बंजारे, खेमचंद देवांगन, अनिल जांगडे, राजू देवांगन, शशांक साहू, देवानंद वर्मा, शकुन यदु, बंशी लाल जांगड़े, सूरज देशलहरे, राधे श्याम देवांगन, डीहु साहू, सुखित यादव, बलराम जांगड़े, भानु खुटेल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी अतिथि को दशहरा समति के द्वारा पुष्प माला, मोमेंटो, गमछा भेट कर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण व क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष भोज बंजारे ने ठेलकडीह स्कूल में ऑडोटोरियम, प्रार्थना शेड, बाउंड्रीवाल की मांग की। जिससे उनकी मांगों को सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मंत्री ने ऑडोटोरियम के लिए पचास लाख, बाउंड्री वाल के लिए इस्टीमेट के आधार पर 10 से 20 लाख और प्रार्थना शेड सहित करोड़ों रुपए की घोषणा किया।

### धनगांव में भव्य दशहरा उत्सव

**खैरागढ़।** ग्राम धनगांव में विजयादशमी के अवसर पर भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विधायक वर्मा ने उपस्थितजनों को शारदीय नवरात्रि की मंगलकामनाएं एवं विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि शक्ति उपासना का महापर्व है, जिसमें माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना कर हम आत्मबल, सद्बुद्धि और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। विजयादशमी हमें यह शिक्षा देती है कि असत्य, अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है तथा अंततः विजय सदैव सत्य, धर्म और सद्गुणों की ही होती है। इस दौरान ग्रामवासियों ने विधायक से समुदायिक भवन की मांग रखी। ग्रामीणों की मांग को प्राथमिकता देते हुए विधायक वर्मा ने ग्राम धनगांव में समुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा की। विधायक वर्मा ने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं और मांगों के अनुरूप विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने श्रीराम और मां जगदम्बा से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन की प्रार्थना की।

### डांस प्रतियोगिता में मोना पटेल विजेता

**छुईखदान।** झूरानदी में शारदीय नवरात्रि के मौके पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन जय मां शीतला दुर्गा उत्सव समिति बाजार लाइन ने किया। प्रतियोगिता में 20 एकल एवं सामूहिक नृत्य टीमों ने भाग लिया। निर्णायक डॉ.सियाराम साहू, राजूदास मानिकपुरी, रविकुमार वर्मा,मंच संचालक प्रभात कुमार साहू थे। एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 3101 मोना पटेल आदि ग्राम भेंडरा, द्वितीय 2101 एबी डांस ग्रुप शिवा, तृतीय 1501 हिरेंद्र कुमार धुर्वे आमगांव एवं सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 5101 संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़, द्वितीय जय मां बम्लेश्वरी गहिराटोला तृतीय विद्या डांस ग्रुपगीत देवी जोहार ने प्राप्त किया। मुख्यातिथि पुष्पा प्रकाश वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिनिधि गोपालपुर, जनपद सदस्य लोकेश्वरी दिनेश कुमार वैष्णव, विनोद रजक, अमरसिंह वर्मा, भगवानी वर्मा,लवकुश मेश्राम, पंच संजू वर्मा, संचालक संजीव कुमार ध्रुव, कमल वर्मा, प्रभु वर्मा, नेतराम वर्मा, लोकेश कुमार,पवन वर्मा ,सेवा वर्मा, तेजाराम वर्मा, बालाराम वर्मा, कमलेश चंदेल, गोविंद वर्मा, भूपेंद्र बसेना,मंगल वर्मा, रंजीत वर्मा, कमलेश्वर वर्मा, चुम्मन वर्मा, धनशीला चंदेल, दामोदर वर्मा, चिन्ता राम धुर्वे, राजू जघेल, विश्वनाथ दादू चंद्राकर,गजेंद्र देवगन उपस्थित रहे।









